

बड़कोट में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व अतिथि। संवाद

# समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

उत्तरकाशी/बड़कोट। शिक्षक दिवस पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान और जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने किया।

विधायक ने कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर डीएम प्रशांत आर्य, राजीव बहुगुणा, मनोजेंद्र रावत, रजनेश चौहान, राजेश राणा आदि मौजूद रहे।

उधर, डायट बड़कोट में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में 18 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना जरूरी है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान डायट प्राचार्य संजीव जोशी, बृजेश मिश्रा, अमरेंद्र असवाल, तरबीन सिंह राणा, आशीष पंवार, नवीन जगूड़ी आदि मौजूद रहे। संवाद

# 18 शिक्षकों को किया सम्मानित

**संवाद सूत्र, जागरण • बड़कोट :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल व प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने किया।

जनपद उत्तरकाशी के छह विकासखंड से एक-एक प्राथमिक, एक-एक उच्च प्राथमिक तथा एक-एक माध्यमिक शिक्षक, कुल 16 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त डायट बड़कोट से एक शिक्षक तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से एक शिक्षिका को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

## शिक्षकों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

**उत्तरकाशी:** वर्ष 2014 से पूर्व नियुक्त एलटी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखने और सभी स्तरों की लंबित पदोन्नति लागू करने की मांग को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिक्षक दिवस पर भी बांह पर काली पट्टी लगाकर विरोध जताया। राजकीय शिक्षक संगठन उत्तरकाशी के महामंत्री बलवंत असवाल ने कहा कि शिक्षकों द्वारा अपने कार्यस्थल पर ही काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया है। कहा कि उनका शांतिपूर्ण विरोध लंबित मांगों को लेकर है।



डायट बड़कोट में शिक्षक दिवस पर सम्मानित शिक्षक • जागरण


उत्तराखण्ड शासन
समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
शिक्षक दिवस के अवसर पर
मुख्य अतिथि


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
HAPPY TEACHER'S DAY



उत्तराखण्ड शासन
समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
शिक्षक दिवस के अवसर पर
सम्मान समारोह-2026
जनपद उत्तरकाशी
मुख्य अतिथि
विशिष्ट


उत्तराखण्ड शासन
समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
शिक्षक दिवस के अवसर पर
मुख्य अतिथि
विशिष्ट